समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

पुराने कोरबा शहर में चलाया गया स्वच्छता एवं कोविड–19 के प्रति जनजागरूकता अभियान

कोरबा 02 दिसम्बर 2020 –स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा के स्वच्छता कमाण्डों एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आज पुराने कोरबा शहर के विभिन्न व्यवसायिक व आवासीय क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया, इस दौरान स्वच्छता कमाण्डों व सफाईमित्रों द्वारा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया तथा स्वच्छता एवं कोविड–19 के प्रति जागरूक रहने संबंधी पम्पलेट वितरित किए।

यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी देश के शहरों के बीच स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य शासन द्वारा किया जाना हैं, अपने कोरबा शहर को सर्वेक्षण में सम्मानजनक स्थान मिले एवं पूर्व वर्षो में प्राप्त रैंकिंग में और अधिक सुधार होकर उच्च रैंकिंग प्राप्त हों, इस हेतु निगम द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों की जा रही है। अन्य आवश्यक तैयारियों के साथ–साथ स्वच्छता के प्रति आमलोगों को जागरूक करने का कार्य भी एक अभियान के रूप में निगम द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुराने क ोरबा शहर के विभिन्न व्यवसायिक व आवासीय क्षेत्रों में निगम अमले द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। दुरपा रोड, देवांगन मोहल्ला, प्रताप कुंआ, गांधी चौक, इंदिरा नगर, के.एन.कालेज के आसपास क्षेत्र, हटरी रोड, रानी रोड सहित अन्य क्षेत्रों में निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की देखरेख में स्वच्छता कमाण्डों तथा विभाग के कर्मचारियों ने पहुंचकर वहां के निवासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में बस्ती के निवासियों को समझाईश दी गई कि चूंकि निगम द्वारा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की गई है, स्वच्छता दीदियां अपना रिक्शा लेकर प्रतिदिन आपकी बस्ती में पहुंच रही हैं, अतः घर से निकले हुए सूखे व गीले कचरें को पृथक–पृथक डस्टबिन में रखकर स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें तथा कचरे को सड़क, नाली आदि में कदापि न फेंके। उन्हें समझाईश देते हुए कहा गया कि शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए

निगम सभी आवश्यक कार्य कर रहा है, शहर सुंदर रहे, स्वच्छ रहें, इसमें आप सभी का सहयोग मिलना भी अत्यंत जरूरी है।

कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करें– अभियान के दौरान स्वच्छता कमाण्डों व सफाईमित्रों ने आमनागरिकों को नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रति सतत जागरूक रहने एवं कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करने, घर से निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, सार्वजनिक स्थानों, दुकानों, बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील करते हुए तत्संबंध में पम्पलेटों का वितरण किया एवं दुकानों में '' नो मास्क–नो सर्विस '' के पोस्टर चस्पा किए।